आवश्यक/महत्वपूर्ण

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

Website-http://www.sdsuv.ac.in **Affiliation:- sdsuvamsuk@gmail.com**

पत्रांकः– 6420 /SDSUV/Affi./2023-24 दिनांक :- 07/10/2023

कार्यालयादेश

इस कार्यालय के पत्र संख्या– 1895/एसडीएसयूवी/मान्यता/2023–24, दिनांक– 06 जून, 2023, द्वारा राजभवन उत्तराखण्ड के सम्बद्धता पोर्टल पर अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन किये जाने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु कतिपय निजी स्ववित्त पोषित संस्थानों/अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा वांछित कार्यवाही नहीं की गयी है। फिर भी बावजूद बार–बार अनुरोध किये जाने पर भी सम्बन्धित द्वारा अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु आवेदन नही किया जा रहा है। जिस पर उच्च स्तर से गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

आपको पुनः सूचित किया जाता है, कि सत्र 2023–24 तक की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क सहित 03 दिन के अन्दर तत्काल राजभवन उत्तराखण्ड के सम्बद्धता पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें। यदि संस्थान/महाविद्यालय द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो समझा जायेगा कि संस्थान/महाविद्यालय अस्थाई सम्बद्धता की अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु इच्छुक नहीं है, अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. उपसचिव, श्री रज्यपाल/मा0 कुलाधिपति,.राजभवन सचिवालय, देहरादून।
3. वि0वि0 की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।